## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को पत्र लिखकर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने चुनाव के दौरान कैश बरामद होने के मामलों में व्यापारियों को राहत देने की मांग की।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज आयेंगे देवघर, बिहार के जमुई में जनसभा को करेंगे संबोधित, हजारीबाग में झामुमो की सभा में चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश।
3. ईडी आज बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से जमीन पर जबरन कब्जा करने और बालू के अवैध खनन मामले में करेगी पूछताछ।
4. झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के ट्रैफिक एसपी को जाम से निबटने के लिए किये जा रहे उपायों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का दिया आदेश।
5. मौसम विभाग ने झारखंड के कुछ हिस्सों में आज से तीन दिन तक हीट वेव चलने का जारी किया अलर्ट।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को पत्र लिखकर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने चुनाव के दौरान कैश बरामद होने के मामलों में व्यापारियों को राहत देने की मांग की है। चैंबर के प्रवीण लोहिया ने कहा कि कैश बरामद होने पर उचित दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पर संबंधित लोगों की रकम वापस लौटा दी जाए। उन्होंने कहा कि अभी ईद, सरहुल और रामनवमी है और शादी–विवाह का समय भी है। राज्यभर से लोग खरीदारी करने के लिए एक जगह से दूसरी जगह के लिए निकलते हैं, ऐसे में आवश्यक है कि उचित दस्तावेज प्रस्तुत करने पर लोगों को राहत दी जाए।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज जमुई से बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए के लिए प्रचार करेंगे। श्री मोदी जमुई जिले के खैरा ब्लॉक के बल्लोपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। एनडीए के बीच सीटों के बंटवारे की घोषणा के बाद बिहार में श्री मोदी की यह पहली राजनीतिक सभा होगी। जमुई आने से पहले वे देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से हेलिकॉप्टर से जमुई जायेंगे। चुनावी सभा में जाने से पहले वे देवघर में दस मिनट रूकेंगे। देवघर एयरपोर्ट पर उनकी सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने एक दर्जन दंडाधिकारियों को नियुक्त किया है।

इधर हजारीबाग में आज झारखंड मुक्ति मोर्चा का 45वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जायेगा। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। इस दौरान हजारीबाग लोकसभा सीट से महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में जीत का वे आह्वान भी करेंगे।

*******************

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 89 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा।

*******************

भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी आज से पांच दिनों तक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास पर रहेंगे। आज पहले दिन वे बोकारो, पांच अप्रैल को बाघमारा और धनबाद, छह को जमशेदपुर, सात अप्रैल को सरायकेला और आठ अप्रैल को खूंटी विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। अपने दौरे के क्रम में वे चुनाव के मद्देनजर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय–इडी, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से जमीन पर अवैध कब्जा करने और बालू के अवैध खनन मामले में आज पूछताछ करेगी। बता दें कि 13 मार्च 2024 को इडी ने कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेन्द्र साव के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इडी को अंबा प्रसाद के यहां से

सैकड़ों जमीन के डीड बरामद हुए थे। अंबा के सहयोगियों के परिसरों से नकली बैंक स्टांप भी बरामद किया गया था। वहीं अंबा प्रसाद के पिता और पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव से इडी ने कल पूछताछ की। पांच अप्रैल को इडी योगेंद्र के बेटे अंकित से भी पूछताछ करेगी।

*******************

गढ़वा जिले में हाल के दिनों में कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के यातायात पुलिस अधीक्षक को राजधानी में ट्रैफिक जाम को लेकर किये जा रहे प्रयासों की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इससे पहले अदालत में कल हुई सुनवाई के दौरान ट्रैफिक एसपी ने बताया कि शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर जाम का सबसे बड़ा कारण ऑटो के लिए पार्किंग की व्यवस्था का नहीं होना है। उन्होंने कहा कि शहर में तीस हजार से ज्यादा ऑटो चलते हैं, जिनकी पार्किंग के लिए कुछ जगहों को चिन्हित किया गया है। अदालत ने अगली सुनवाई में विस्तृत जानकारी देने का निर्देश देते हुए कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार दिखना चाहिए।

*******************

रांची की शीतल राजपाल को मिसेज इंडिया 2024–2025 का सेकेंड रनरअप का खिताब मिला है। इसके साथ ही उन्होंने फैशनिस्टा का खिताब जीता है।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- रांची के अनमोल ने एनडीए की प्रवेश परीक्षा 2023 में देशभर में शीर्ष स्थान हासिल किया है। अनमोल झारखंड के पहले कैडेट हैं जिन्होंने देश में पहला स्थान हासिल किया है। इस परीक्षा में छह लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे।
- साहेबगंज जिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती ने कल लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने मतदान केन्द्रो पर मूलभूत सुविधाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सभी प्रखण्डों में स्ट्रांग रूम स्थापित करने के निर्देश दिये।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोइलकेरा और टोंटो के जंगलों में पुलिस ने तीन आईईडी बम बरामद किए हैं। इन विस्फोटकों को जंगल में ही डिफ्यूज कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि माओवादियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए विस्फोटकों को जंगल के रास्तों में लगाया गया था।

*******************

मौसम विभाग ने झारखंड के कुछ हिस्सों में आज से तीन दिनों तक हीट वेव चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 4 से 6 अप्रैल तक जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान में हीट वेव की आशंका है। वहीं झारखंड में 6 अप्रैल के बाद मौसम के बदलने की संभावना है। इसके बाद राजधानी रांची के साथ–साथ राज्य के कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। बता दें कि राज्य के सभी जिलों में औसत अधिकतम तापमान 39 डिग्री पहुंच चुका है।

*******************

आइपीएल क्रिकेट में कल कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को एक सौ छह रन से हरा दिया। कोलकाता नाइट राइडर्स निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर दो सौ बहत्तर रन बनाए जवाब में दिल्ली की टीम दो सौ तिहत्तर रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर दो गेंद में एक सौ छियासठ रन ही बना सकी। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सुनील नरेन ने 39 गेंद पर 85 और अंगकृष रघुवंशी ने 27 गेंद पर 54 रन की पारी खेली। वहीं दिल्ली् के लिए ऋषभ पंत ने 55 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 54 रन बनाए।

आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस का मुकाबला पंजाब किंग्स इलेवन से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य के अधिकांश अखबारों ने रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए हाईकोर्ट के आदेश की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की है।

इसके अलावा...
प्रभात खबर ने राज्य में संचालित अवैध मीट दुकानों के खिलाफ अबतक की कार्रवाई संबंधित हाईकार्ट के जिलों से किये गये सवाल को पहले पेज पर जगह दी है। दैनिक हिंदुस्तान ने राज्य में बढ़ती गर्मी और लू चलने की खबर को पहले पेज पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक भास्कर की सुर्खी है– गोड्डा लोकसभा सीट पर फंसा पेंच, रांची पर भी असमंजस। दैनिक जागरण की सुर्खी है– आप की संपत्ति कुर्क कर सकती है इडी।

वहीं रांची एक्सप्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दर्ज शिकायतवाद मामले में 18 अप्रैल को सुनवाई होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

राष्ट्रीय नवीन मेल, द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने ताइवान में भूकंप से कुछ लोगों की मौत और सैकड़ों घायल होने की खबर को प्रमुखता से जगह दी है।

***************